			रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड **एनएचपीसी लिमिटेड और जेकेएसपीडीसी लिमिटेड का संयुक्त उद्यम)** RATLE HYDROELECTRIC POWER CORPORATION LIMITED **(A Joint Venture of NHPC Limited and JKSPDC Limited)**

रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 15 अगस्त 2024 को भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड में“ 78वां स्वतंत्रता दिवस” बड़े हर्षौल्लास से मनाया गया। शालीमार कार्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों, अनुबंधित श्रमिकों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार सिद्धू , महाप्रबंधक (सिविल)ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

इस विशेष अवसर पर समारोह के दौरान श्री आर के चौधरी, माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय के उत्साहवर्धक संबोधन-भाषण का भी वेबकास्टिंग के माध्यम से लाईव टेलिकास्ट किया गया। माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनायेँ दी और उज्जल भविष्य की कामना की और सभी कर्मचारियों से एनएचपीसी एवं देशहित मे कार्य करने की अपील की ताकि हम निरंतर देश की तरक्की में हाथ बटाते रहें ।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार सिद्धू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी । उन्होने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया और विशेष तौर पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे देश के इस पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई दी । इस वर्ष भारत सरकार के “हर घर तिरंगा” अभियान की भी सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पूरे देश में एकता और देशभक्ति का प्रसार हुआ । इस दौरान कर्मचारियों ने “मेरी माटी मेरा देश” कार्यक्रम के तहत पंच प्रण शपथ ली ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने आरएचपीसी की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होने कहा कि रतले परियोजना का कार्य 18.01.2022 को ईपीसी टर्नकी के अंतर्गत अवॉर्ड होने के पश्चात काफी कम समय में चिनाब रिवर को डाइवर्ट कर दिया गया है । तथा गुजरात, मध्यप्रदेश के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर कर दिया गया है साथ ही पावर हाउस, टी आर टी, डैम अबटमेंट, पावर हाउस इंटेक आदि का उत्खनन कार्य प्रगति

पर है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने सभी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की तथा आशा ब्यक्त की कि इस परियोजना को समय से पहले पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे ।

कार्यक्रम के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय, शालीमार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया । अंत में विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में श्री जय प्रकाश, महाप्रबंधक (बित्त), श्री प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री अनिल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (सिविल), श्रीमती अर्चना प्रकाश, महाप्रबंधक (सिविल), प्रिंसिपल ,जवाहर नवोदय विद्यालय-शालीमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और कार्मिक उपस्थित थे ।

कार्यक्रम की झलकियां

जवाहर नवोदय विद्यालय शालीमार, के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

POWER CORPOR
UGUST 2024

कॉर्पोरेशन लिमिटेड
CORPORATION LIMITED
DEPENDENCE DAY

बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण

CONFERENCE HALL
आज़ादी का अमृत महोत्सव
NHPC
WTSA
INDIA

दिवस की हार्दिक
अगस्त, 2024